# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सीईएन - 07/2025 - एनटीपीसी पूर्व-स्नातक स्तर - CEN - 07/2025 - NTPC UNDER GRADUATE LEVEL

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 18/06/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC UnderGraduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Mathematics**

**Q.1** △PQR की भुजाओं PQ और QR को आगे बढ़ाकर बिंदु S और T पर ले जाया जाता है। यदि ∠PRT > ∠RQS > 50° और ∠PRT + ∠RQS = 220° है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

**Ans**
✗ A. PR < PQ < QR
✗ B. QR < PQ < PR
✗ C. PQ < PR < QR
✓ D. QR < PR < PQ

**Q.2** एक डोरी, जो प्रारंभ में 21 cm त्रिज्या वाले वृत्त के आकार की है, को दो अलग-अलग टुकड़ों में काटा जाता है। पहले टुकड़े को पुनः आकार देकर एक आयत बनाया जाता है जिसकी लंबाई, उसकी चौड़ाई की दोगुनी है, जबकि दूसरे टुकड़े से एक वर्ग बनाया जाता है। यदि आयत का परिमाप, वर्ग के परिमाप से 24 cm अधिक है, तो आयत की चौड़ाई ज्ञात कीजिए। [π = 22/7 का प्रयोग कीजिए]

**Ans**
✗ A. 26 cm
✗ B. 4 cm
✗ C. 4.25 cm
✓ D. 13 cm

**Q.3** एक शिक्षक एक महीने में प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा पढ़ी गई पुस्तकों की संख्या: 3, 5, 2, 3, 4, 5, 3, 2, 5, 5 दर्ज करता है। इस आंकड़ा समुच्चय का बहुलक ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ A. 2
✓ B. 5
✗ C. 3
✗ D. 4

**Q.4** एक पेपर मिल के 100 कर्मचारियों की प्रति घंटा मजदूरी दर का बारंबारता बंटन नीचे दिया गया है। माध्यिका मजदूरी दर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मजदूरी दर (₹ में) | 54-56 | 56-58 | 58-60 | 60-62 | 62-64 |
| कर्मचारियों की संख्या | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 |

**Ans**
✗ A. 58.9
✓ B. 59
✗ C. 56.8
✗ D. 56.3

Test Prime By Adda247

# ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

Test. Analyze. Improve. Repeat.

## Don't just prepare. Perform.

Test Prime — built only for mock tests.

**1,50,000+** Mock Tests

**25,000+** Previous Year Papers

**800+** Exam Covered

**500% Refund** on Selection

**5 lakh+** Free Quizzes

**Daily** Free PDFs

**Job Alerts** Stay Updated

- Multilingual
- Detailed Solution
- Strong and Weak Areas

**All India Rankings**

Compete with lakhs.
Rank. Improve. Repeat.

Adda247 test prime

Rating | Editors' choice | New

Adda247 Test Prime
Adda Education • Education
Installed

DOWNLOAD THE APP

**Q.5** m का वह मान ज्ञात कीजिए जो

$$\left(\frac{26}{7}\right)^{5} \times \left(\frac{7}{26}\right)^{11} \times \left(\frac{26}{7}\right)^{19} = \left(\frac{7}{26}\right)^{9m+17}$$ को

संतुष्ट करता हो।

**Ans**

✗ A. $-\frac{26}{9}$

✗ B. $-\frac{24}{9}$

✓ C. $-\frac{10}{3}$

✗ D. $-\frac{37}{9}$

**Q.6** ईंधन की कीमत में क्रमिक तीन महीनों में 45%, 50% और 25% की कमी होती है, लेकिन चौथे महीने में 65% की वृद्धि हो जाती है। मूल कीमत की तुलना में चौथे महीने में ईंधन की कीमत में प्रतिशत कमी (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) कितनी है?

**Ans**

✗ A. 70.35%

✗ B. 69.13%

✓ C. 65.97%

✗ D. 67.46%

**Q.7** एक वस्तु की कीमत में प्रथम वर्ष में 20% की वृद्धि होती है। द्वितीय वर्ष में इस वृद्धि के बाद वाली कीमत में 24% की कमी होती है। यदि वस्तु का अंतिम मूल्य ₹1,938 है, तो वस्तु की मूल कीमत ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✗ A. ₹2,148

✗ B. ₹2,160

✓ C. ₹2,125

✗ D. ₹2,196

**Q.8** एक ट्रेन, स्टेशन A से 50 km दूर दुर्घटना के कारण बाधित होती है। उसने शेष यात्रा अपनी मूल चाल के $\frac{3}{4}$ चाल से पूरी की और स्टेशन B पर 35 मिनट की देरी से पहुँची। यदि दुर्घटना 24 km आगे चलकर हुई होती, तो ट्रेन केवल 25 मिनट की देरी से पहुँचती। ट्रेन की मूल चाल कितनी है?

**Ans**

✓ A. 48 km/hr

✗ B. 45 km/hr

✗ C. 60 km/hr

✗ D. 40 km/hr

**Q.9** एक वस्तु का अंकित मूल्य ₹2,000 है। अंकित मूल्य पर 25% की छूट दी जाती है, उसके बाद नए मूल्य पर 10% की दूसरी छूट दी जाती है। वस्तु का अंतिम विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✓ A. ₹1,350

✗ B. ₹1,520

✗ C. ₹1,720

✗ D. ₹1,450

**Q.10** $23^3 + (-11)^3 + (-12)^3$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✓ A. 9108

✗ B. 9070

✗ C. 8863

✗ D. 9144

Q.11 0.15 और 0.000135 का माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 0.000045
- ✓ B. 0.0045
- ✗ C. 0.00045
- ✗ D. 0.045

Q.12 हरीश ने ₹347 में एक वस्तु खरीदी और उसे रेनू को 6% की हानि पर बेच दिया। इस राशि से, हरीश ने एक अन्य वस्तु खरीदी और उसे 65% के लाभ पर बेच दिया। हरीश का समग्र लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 53.1%
- ✓ B. 55.1%
- ✗ C. 50.9%
- ✗ D. 51.8%

Q.13 156 ÷ [12 + {7 × (15 – 9) – 28}] को सरलीकृत कीजिए।

Ans
- ✗ A. 12
- ✗ B. 8
- ✗ C. 10
- ✓ D. 6

Q.14 यदि ₹9,800 की राशि पर 13 वर्षों की अवधि के लिए साधारण ब्याज ₹16,562 है, तो वार्षिक ब्याज दर ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 13%
- ✗ B. 15%
- ✗ C. 11%
- ✗ D. 9%

Q.15 यदि $\sec\theta + \operatorname{cosec}\theta = a$ और $\tan\theta + \cot\theta = b$ है, तो $\operatorname{cosec}2\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. $\frac{b}{2}$
- ✗ B. $\frac{a}{2}$
- ✗ C. $\frac{a^2 - b^2}{2}$
- ✗ D. $\frac{b^2 - a^2}{2}$

Q.16 एक जैकेट का अंकित मूल्य ₹5,000 है। दुकानदार 20% और 30% की दो क्रमिक छूट देता है। अंतिम विक्रय मूल्य कितना होगा?

Ans
- ✓ A. ₹2,800
- ✗ B. ₹2,650
- ✗ C. ₹2,850
- ✗ D. ₹2,600

Q.17 एक व्यापारी 15% के लाभ पर वस्तु को बेचता है, लेकिन एक किलोग्राम के स्थान पर 950 ग्राम वजन का उपयोग करता है। उसका कुल लाभ प्रतिशत कितना है? (उत्तर दशमलव के दो स्थानों तक सही दीजिए।)

Ans
- ✗ A. 18.95%
- ✓ B. 21.05%
- ✗ C. 20%
- ✗ D. 25%

Q.18 प्रियल, अपने भाई से 5 वर्ष छोटी है। 4 वर्ष बाद, उनकी आयु का योगफल 39 वर्ष होगा। प्रियल की वर्तमान आयु कितनी है?

Ans
- ✗ A. 15 वर्ष
- ✗ B. 16 वर्ष
- ✗ C. 14 वर्ष
- ✓ D. 13 वर्ष

Q.19 दो नल एक टंकी को क्रमशः 4 घंटे और 15 घंटे में भर सकते हैं। तीसरा नल उसे 15 घंटे में खाली कर सकता है। यदि सभी नल एक साथ खोल दिए जाएं, तो खाली टंकी को एक-चौथाई भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans
- ✗ A. 3
- ✗ B. 4
- ✗ C. 2
- ✓ D. 1

Q.20 एक स्टेशनरी की दुकान नोटबुक और पेन बेचती है। 4 नोटबुक और 6 पेन की कीमत ₹228 है। 7 नोटबुक और 6 पेन की कीमत ₹333 है। एक नोटबुक की कीमत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹ 32
- ✗ B. ₹ 39
- ✗ C. ₹ 37.50
- ✓ D. ₹ 35

Q.21 यदि x, x + 1, 2x + 3 का चतुर्थानुपाती y है और y = 3x + 3 है, तो x का धनात्मक पूर्णांक मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 3
- ✗ B. 2
- ✗ C. 5
- ✗ D. 4

Q.22 पाइप X एक जलाशय को 15 घंटे में भर सकता है और पाइप Y उसे 20 घंटे में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइपों को एक साथ चालू किया जाता है और 10 घंटे बाद पाइप Y को बंद कर दिया जाता है, तो जलाशय को भरने में लगने वाला कुल समय ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 23.5 घंटे
- ✗ B. 24 घंटे
- ✓ C. 22.5 घंटे
- ✗ D. 23 घंटे

Q.23 एक समांतर चतुर्भुज की भुजाओं की लंबाई 12 cm और 9 cm है। इसके एक विकर्ण की लंबाई 15 cm है। समांतर चतुर्भुज का क्षेत्रफल ($cm^2$ में) कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 135
- ✓ B. 108
- ✗ C. 120
- ✗ D. 90

Q.24 राजीव एक निश्चित राशि 10% वार्षिक दर पर निवेश करता है। 2 वर्षों के बाद, उसे चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक रूप से संयोजित) के रूप में ₹199.5 प्राप्त होते हैं। समान ब्याज दर पर 2 वर्षों के लिए संगत साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 200
- ✓ B. 190
- ✗ C. 185
- ✗ D. 205

| | | |
|---|---|---|
| Q.25 | रोहित 6 km/hr की चाल से चलता है। उसे 12 km की दूरी तय करने में कितना समय लगेगा? | |
| Ans | ✗ A. 1.5 घंटे | |
| | ✗ B. 2.5 घंटे | |
| | ✓ C. 2 घंटे | |
| | ✗ D. 1 घंटा | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.26 | 0.16 और 0.49 के बीच माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ A. 0.26 | |
| | ✓ B. 0.28 | |
| | ✗ C. 0.24 | |
| | ✗ D. 0.21 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.27 | यदि $\frac{x}{x+1}+\frac{x+1}{x}=\frac{5}{2}$ है, तो $x$ का मान ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ A. 0 या 1 | |
| | ✗ B. 0 या -1 | |
| | ✓ C. 1 या -2 | |
| | ✗ D. -1 या 2 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.28 | $\frac{1.4\times1.4\times1.4-1.2\times1.2\times1.2}{1.4\times1.4+1.4\times1.2+1.2\times1.2}$ का मान ज्ञात करें। | |
| Ans | ✓ A. 0.2 | |
| | ✗ B. 2.6 | |
| | ✗ C. 0.46 | |
| | ✗ D. 0.52 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.29 | दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (HCF) और लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) क्रमशः 27 और 324 है। यदि एक संख्या 81 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ A. 84 | |
| | ✗ B. 96 | |
| | ✓ C. 108 | |
| | ✗ D. 120 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.30 | यदि दो संख्याओं का अनुपात 4 : 1 है और उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) 47 है, तो उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) _____ होगा। | |
| Ans | ✗ A. 406 | |
| | ✓ B. 188 | |
| | ✗ C. 412 | |
| | ✗ D. 376 | |

Section : **General Awareness**

| | | |
|---|---|---|
| Q.31 | 19 से 24 दिसंबर 2025 तक आयोजित 77वीं सीनियर और 54वीं जूनियर राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप किस राज्य में हुई थी? | |
| Ans | ✗ A. उत्तर प्रदेश | |
| | ✗ B. पंजाब | |
| | ✓ C. उत्तराखंड | |
| | ✗ D. पश्चिम बंगाल | |

Q.32 मुंडा विद्रोह (1899-1900) किस नेता से जुड़ा था?

Ans
- ✗ A. तिलका माझी
- ✗ B. जात्रा उरांव
- ✗ C. बुधु भगत
- ✓ D. बिरसा मुंडा

Q.33 क्षमता उपागम (Capability Approach), जो विकास को व्यक्तियों की स्वतंत्रताओं के विस्तार के रूप में परिभाषित करता है, सर्वप्रथम किस अर्थशास्त्री द्वारा प्रस्तावित किया गया था?

Ans
- ✗ A. जॉन रॉल्स (John Rawls)
- ✗ B. मार्था नुसबाम (Martha Nussbaum)
- ✓ C. अमर्त्य सेन (Amartya Sen)
- ✗ D. एडम स्मिथ (Adam Smith)

Q.34 भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा प्रावधान, राष्ट्रपति को क्षमा, प्रविलंबन या परिहार करने की शक्ति प्रदान करता है?

Ans
- ✓ A. अनुच्छेद 72
- ✗ B. अनुच्छेद 75
- ✗ C. अनुच्छेद 74
- ✗ D. अनुच्छेद 71

Q.35 निम्नलिखित में से कौन-सी भारत की राजभाषाएँ हैं?

Ans
- ✗ A. हिंदी और उर्दू
- ✗ B. अंग्रेजी और उर्दू
- ✓ C. हिंदी और अंग्रेजी
- ✗ D. हिंदी और मराठी

Q.36 निम्नलिखित में से कौन-सी रेगिस्तानी विशेषता, पश्चरदन (backwasting) के माध्यम से ढलानों के समानांतर पीछे हटने (parallel retreat) के कारण बनती है?

Ans
- ✗ A. निलंबी निक्षेप (Stalagmite)
- ✗ B. वातगर्त (Blowout)
- ✓ C. पदस्थली (Pediplain)
- ✗ D. प्लाया (Playa)

Q.37 भौतिक विज्ञान में, किसी राशि की विमा को समझने से सूत्रों और चरों के बीच संबंधों का विश्लेषण करने में सहायता मिलती है। द्रव्यमान, लंबाई और समय के पदों में विमाओं का कौन-सा सेट, भौतिक राशि 'बल' को सही रूप से निरूपित करता है?

Ans
- ✓ A. द्रव्यमान × लंबाई × समय$^{-2}$
- ✗ B. द्रव्यमान × लंबाई × समय
- ✗ C. द्रव्यमान × लंबाई$^{2}$ × समय$^{-1}$
- ✗ D. द्रव्यमान × लंबाई × समय$^{2}$

Q.38 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, सिस्टम सॉफ्टवेयर और एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर के बीच प्राथमिक अंतर को सही से दर्शाता है?

Ans
- ✓ A. सिस्टम सॉफ्टवेयर कंप्यूटर के मुख्य रिसोर्स को मैनेज करता है और दूसरे प्रोग्राम के लिए एक प्लेटफॉर्म प्रदान करता है, जबकि एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर यूजर के लिए विशिष्ट टास्क निष्पादित करने हेतु डिज़ाइन किया गया है।
- ✗ B. सिस्टम सॉफ्टवेयर बड़ी कंपनियों द्वारा विकसित किया जाता है, जबकि एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर केवल अलग-अलग प्रोग्रामरों द्वारा निर्मित किया जाता है।
- ✗ C. कंप्यूटर को स्टार्ट करने के लिए एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर की आवश्यकता होती है, जबकि सिस्टम सॉफ्टवेयर का उपयोग कंप्यूटर के पूरी तरह बूट होने के बाद ही किया जाता है।
- ✗ D. सिस्टम सॉफ्टवेयर हमेशा फ्री और ओपन-सोर्स होता है, लेकिन एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर हमेशा लाइसेंस के साथ खरीदा जाता है।

Q.39 विंडोज 11 में .exe एक्सटेंशन से किस प्रकार की फ़ाइल की पहचान होती है?

Ans
- ✗ A. सिस्टम टेक्स्ट फ़ाइल
- ✗ B. डॉक्यूमेंट फ़ाइल
- ✗ C. इमेज फ़ाइल
- ✓ D. एक्सक्यूटेबल प्रोग्राम फ़ाइल

Q.40 'मोदीज मिशन (Modi's Mission)' नामक पुस्तक किसने लिखी है?

Ans
- ✗ A. अमीश त्रिपाठी
- ✗ B. अरुंधति रॉय
- ✗ C. बी.के. हरिनारायणन
- ✓ D. बर्जिस देसाई

Q.41 इनमें से कौन-सा सेवा उद्योग में कंप्यूटर का उदाहरण है?

Ans
- ✗ A. स्वचालित कार विनिर्माण (Automated car manufacturing)
- ✗ B. हृदय शल्य चिकित्सा निगरानी (Heart surgery monitoring)
- ✓ C. स्वचालित टिकट बुकिंग (Automated ticket booking)
- ✗ D. अंतरिक्ष यान नेविगेशन (Spacecraft navigation)

Q.42 गुजरात के किस क्षेत्र में पारंपरिक रूप से लोक संगीत में दुहा (Duha), सोरठा (Soratha), चाँद (Chhand), बेलाड (Belaad) आदि प्रस्तुत किए जाते हैं?

Ans
- ✗ A. मध्य गुजरात
- ✗ B. उत्तरी गुजरात
- ✓ C. सौराष्ट्र
- ✗ D. कच्छ

Q.43 बार-बार होने वाले परावर्तन के कारण ध्वनि के लंबे समय तक बने रहने को क्या कहा जाता है?

Ans
- ✗ A. अनुनाद
- ✗ B. गुणवत्ता
- ✓ C. अनुरणन
- ✗ D. प्रतिध्वनि

Q.44 वेबपेज में किसी शब्द को शीघ्र खोजने के लिए किस शॉर्टकट का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✗ A. Ctrl + Tab
- ✓ B. Ctrl + F
- ✗ C. Ctrl + S
- ✗ D. Ctrl + V

Q.45 उस्ताद अमजद अली खान, निम्नलिखित में से किस वाद्य यंत्र को बजाने के लिए विश्व प्रसिद्ध हैं?

Ans
- ✗ A. वायलिन
- ✓ B. सरोद
- ✗ C. बांसुरी
- ✗ D. संतूर

Q.46 यदि 10 kg द्रव्यमान की कोई वस्तु 50 m/s के वेग से गतिमान है, तो उस वस्तु का सही संवेग ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 5 kg m/s
- ✓ B. 500 kg m/s
- ✗ C. 40 kg m/s
- ✗ D. 60 kg m/s

| | | |
|---|---|---|
| Q.47 | भारत में निर्वाह और प्रौद्योगिकी में मेसोलिथिक काल की प्रगति को कौन-सा नवाचार सही रूप से व्यक्त करता है? | |
| Ans | ✗ A. स्थायी कृषि गांवों से जुड़ी पॉलिश की हुई पत्थर की कुल्हाड़ियों का उद्भव। | |
| | ✗ B. लोहे के औजारों का उपयोग धातु-उपयोग करने वाली संस्कृतियों में प्रारंभिक संक्रमण का संकेत देता है। | |
| | ✓ C. धनुष-बाण और फसलों का प्रसंस्करण करने वाले उपकरणों के साथ सूक्ष्मपाषाण काल के औजारों का उपयोग। | |
| | ✗ D. निम्न पुरापाषाण काल की हाथ की कुल्हाड़ियों के समान भारी परतदार औजारों का निर्माण। | |

| | |
|---|---|
| Q.48 | राष्ट्रपति किसी गैर-धन विधेयक को पुनर्विचार के लिए संसद को कितनी बार लौटा सकता है? |
| Ans | ✗ A. एकबार भी नहीं |
| | ✗ B. दो बार |
| | ✗ C. कितनी भी बार |
| | ✓ D. केवल एक बार |

| | |
|---|---|
| Q.49 | उत्तर-पश्चिम सीमांत प्रांत के अहिंसक जन संगठन, खुदाई खिदमतगार (लाल कुर्ती) का नेतृत्व निम्नलिखित में से किसके द्वारा किया गया था? |
| Ans | ✓ A. अब्दुल गफ्फार खान (Abdul Ghaffar Khan) |
| | ✗ B. शौकत अली (Shaukat Ali) |
| | ✗ C. खान अब्दुल कय्यूम (Khan Abdul Qayyum) |
| | ✗ D. मौलाना आज़ाद (Maulana Azad) |

| | |
|---|---|
| Q.50 | निम्नलिखित में से कौन-सा मंदिर परिसर अपने 24 मीटर ऊंचे विमान (vimana) और शिव की पत्थर की प्रतिमा के लिए प्रसिद्ध है? |
| Ans | ✗ A. कंदारिया महादेव मंदिर |
| | ✗ B. गंगैकोंडाचोलिश्वरम |
| | ✗ C. महाबोधि मंदिर |
| | ✓ D. ऐरावतेश्वर मंदिर |

| | |
|---|---|
| Q.51 | 1960 के दशक के मध्य से 1980 तक भारत की औद्योगिक संवृद्धि मंद रही। आर्थिक संवृद्धि की इस धीमी गति का वर्णन करने के लिए प्रायः किस पद का उपयोग किया जाता है? |
| Ans | ✗ A. समाजवादी गतिरोध (Socialist Stagnation) |
| | ✓ B. हिंदू संवृद्धि दर (Hindu Growth Rate) |
| | ✗ C. राजकोषीय अवरोध (Fiscal Drag) |
| | ✗ D. महा मंदन (Great Deceleration) |

| | |
|---|---|
| Q.52 | नवंबर 2025 में ब्लैडर कैंसर (bladder cancer) के विकिरण चिकित्सा परीक्षण का नेतृत्व किस संगठन ने किया था? |
| Ans | ✗ A. राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु |
| | ✗ B. अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, दिल्ली |
| | ✓ C. टाटा मेमोरियल सेंटर, मुंबई |
| | ✗ D. स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़ |

| | |
|---|---|
| Q.53 | मार्च 2025 में ICC पुरुष ODI (ICC Men's ODI) स्पर्धाओं में सर्वाधिक छक्के लगाने का नया रिकॉर्ड किसने बनाया? |
| Ans | ✓ A. रोहित शर्मा |
| | ✗ B. सूर्यकुमार यादव |
| | ✗ C. क्रिस गेल |
| | ✗ D. बेन डकेट |

**Q.54** राज्य लोक सेवा आयोगों के सदस्यों की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाती है और उन्हें किसके द्वारा पदच्युत किया जाता है?

Ans
- ✗ A. भारतीय संसद
- ✗ B. राज्य के राज्यपाल
- ✓ C. भारत के राष्ट्रपति
- ✗ D. राज्य के मुख्यमंत्री

**Q.55** किस महाद्वीप को 'द्वीप महाद्वीप' (Island Continent) के रूप में जाना जाता है?

Ans
- ✗ A. अफ्रीका
- ✓ B. ऑस्ट्रेलिया
- ✗ C. दक्षिण अमेरिका
- ✗ D. यूरोप

**Q.56** वर्ष 2025 में, 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री द्वारा लाल किले से अपने संबोधन के दौरान भारत के अपतटीय ऊर्जा संसाधनों (offshore energy resources) का दोहन करने के लिए किस मिशन की घोषणा की गई थी?

Ans
- ✗ A. रणनीतिक हाइड्रोकार्बन स्वतंत्रता पहल (Strategic Hydrocarbon Independence Initiative)
- ✓ B. नेशनल डीप वाटर एक्सप्लोरेशन मिशन (National Deepwater Exploration Mission)
- ✗ C. ब्लू एनर्जी डेवलपमेंट मिशन (Blue Energy Development Mission)
- ✗ D. अपतटीय ऊर्जा सुरक्षा कार्यक्रम (Offshore Energy Security Programme)

**Q.57** 1909 के भारतीय परिषद अधिनियम (मोर्ले-मिंटो सुधार) का परिणाम क्या रहा था?

Ans
- ✓ A. विधायी परिषदों का प्रसार, वायसराय की कार्यकारी परिषद में भारतीयों को प्रवेश और विचार-विमर्श की नई शक्तियां।
- ✗ B. प्रांतीय स्वशासन, पूर्ण वित्तीय अधिकार और स्वायत्त मंत्रालयों की स्थापना।
- ✗ C. मनोनीत सीटों का उन्मूलन, प्रत्यक्ष चुनाव लागू करना और आधिकारिक बहुमत को समाप्त करना।
- ✗ D. विधायी परिषदों के आकार में कमी, बजटीय अधिकारों का प्रतिस्थापन और भारतीय प्रतिनिधियों का निष्कासन।

**Q.58** 44वें संशोधन अधिनियम (1978) द्वारा संपत्ति के अधिकार में क्या प्रमुख परिवर्तन किया गया था?

Ans
- ✗ A. इसे और अधिक प्रवर्तन शक्ति प्रदान की गई थी।
- ✓ B. इसे मौलिक अधिकारों से हटा दिया गया था।
- ✗ C. इसे अनुच्छेद 21 के अंतर्गत संरक्षित किया गया था।
- ✗ D. इसे एक नीति निदेशक निर्देशक सिद्धांत के रूप में उन्नत किया गया।

**Q.59** 22 मार्च 2025 को मनाए जाने वाले विश्व जल दिवस पर ____________ से संबंधित चिंताओं पर प्रकाश डाला गया।

Ans
- ✗ A. महासागर प्रदूषण
- ✗ B. तटीय अपरदन
- ✗ C. मत्स्य पालन के विकास
- ✓ D. ग्लेशियरों के पिघलने और जल सुरक्षा

**Q.60** निम्नलिखित में से किस संगठन ने 2025 में प्रशांत क्षेत्र में निजी क्षेत्र के विकास और महासागर पर प्रभाव को बढ़ावा देने के लिए 'फ्रंटियर सीड (Frontier Seed)' पहल की शुरूआत की?

Ans
- ✗ A. यूरोपीय निवेश बैंक (European Investment Bank)
- ✓ B. एशियाई विकास बैंक (Asian Development Bank)
- ✗ C. विश्व बैंक (World Bank)
- ✗ D. बैंक ऑफ इंटरनेशनल सेटलमेंट (Bank of International Settlement)

Q.61 2025 में, न्यूजीलैंड में किस स्ट्रैटोवोलकानो (Stratovolcano) को व्यक्तिगत कानूनी दर्जा दिया गया, जिससे यह देश में व्यक्तित्व (personhood) प्राप्त करने वाली तीसरी प्राकृतिक इकाई बन गयी है?

Ans
- ✔ A. तारानाकी मौंगा (Taranaki Maunga)
- ✘ B. माउंट रुआपेहू (Mount Ruapehu)
- ✘ C. माउंट टोंगारिरो (Mount Tongariro)
- ✘ D. माउंट कुक (Mount Cook)

Q.62 जनगणना 2011 के अनुसार, किस केंद्र शासित प्रदेश की साक्षरता दर सबसे कम थी?

Ans
- ✘ A. लक्षद्वीप
- ✘ B. चंडीगढ़
- ✘ C. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह
- ✔ D. दादरा और नगर हवेली

Q.63 अभ्यास INDRA, 2025 का प्राथमिक उद्देश्य क्या था?

Ans
- ✘ A. संयुक्त विमान निर्माण को विकसित करना
- ✘ B. समुद्री पर्यटन को बढ़ावा देना
- ✘ C. पनडुब्बी मरम्मत प्रशिक्षण आयोजित करना
- ✔ D. समुद्री खतरों के विरुद्ध अंतरप्रचालनीयता में सुधार करना

Q.64 अधोसमुद्री भूकंप से उत्पन्न होने वाली ऊंची समुद्री लहरों को क्या कहा जाता है?

Ans
- ✘ A. भू-अवदाब
- ✔ B. सुनामी
- ✘ C. मानसूनी पवन
- ✘ D. हिमनदीय महोर्मि

Q.65 कौन-सा भारतीय राज्य वर्ष 1997 में अपना सूचना का अधिकार अधिनियम लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना?

Ans
- ✘ A. कर्नाटक
- ✘ B. राजस्थान
- ✔ C. तमिलनाडु
- ✘ D. पंजाब

Q.66 किस वर्ष के विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के अंतर्गत, प्रत्येक राज्य/जिला प्राधिकरण या सर्वोच्च न्यायालय/उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति अथवा तालुक विधिक सेवा समिति, यथास्थिति, लोक अदालतों का आयोजन कर सकती है?

Ans
- ✘ A. 1977
- ✔ B. 1987
- ✘ C. 1957
- ✘ D. 1967

Q.67 तारीख़-ए-रशीदी (Tarikh-i-Rashidi) नामक कृति जो मध्य एशिया और प्रारंभिक मुगल इतिहास के संबंध में मूल्यवान जानकारी प्रदान करती है, किसके द्वारा लिखी गई?

Ans
- ✔ A. मिर्जा हैदर दुगलत (Mirza Haidar Dughlat)
- ✘ B. मिन्हाज-उस-सिराज (Minhaj-us-Siraj)
- ✘ C. अब्दुल फजल (Abdul Fazl)
- ✘ D. ज़ियाउद्दीन बरनी (Ziauddin Barani)

Q.68 निम्नलिखित में से किस वर्ष में, टाटा ग्रुप ने सरकारी स्वामित्व वाली एयर इंडिया का अधिग्रहण किया था?

Ans
- ✗ A. 2013
- ✗ B. 2019
- ✗ C. 2016
- ✓ D. 2022

Q.69 जब गर्म चाय के कप में धातु की चम्मच रखी जाती है, तो वह जल्द ही गर्म हो जाती है। इसके लिए मुख्य रूप से ऊष्मा अंतरण का कौन-सा माध्यम उत्तरदायी है?

Ans
- ✗ A. संवहन (Convection)
- ✓ B. चालन (Conduction)
- ✗ C. रोधन (Insulation)
- ✗ D. विकिरण (Radiation)

Q.70 निम्नलिखित में से कौन-सा बृहत् पैमाने का एक उद्योग है?

Ans
- ✗ A. मृदभांड कर्म
- ✓ B. इस्पात संयंत्र
- ✗ C. हथकरघा
- ✗ D. खाद्य प्रसंस्करण

## Section : General Intelligence and Reasoning

Q.71 नीचे दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए, कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

कथन:
सभी हेट, कार्पेट हैं।
कोई कार्पेट, लॉकेट नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई हेट, लॉकेट नहीं है।
(II) कुछ लॉकेट, कार्पेट हैं।

Ans
- ✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✓ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.72 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

391 349 376 334 361 319 ?

Ans
- ✗ A. 354
- ✓ B. 346
- ✗ C. 360
- ✗ D. 350

Q.73 किसी निश्चित कूट भाषा में,
A @ B का अर्थ है कि ‘A, B की माता है’,
A × B का अर्थ है कि ‘A, B की पत्नी है’,
A + B का अर्थ है कि ‘A, B का भाई है’ और
A ÷ B का अर्थ है कि ‘A, B का पिता है’।

यदि ‘S ÷ D + R @ Y × H’ है, तो S का H से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पत्नी का पिता
- ✗ B. पत्नी का भाई
- ✗ C. पत्नी की माता का भाई
- ✓ D. पत्नी की माता का पिता

**Q.74** अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✗ A. GJ - FI
- ✓ B. KN - HU
- ✗ C. PS - OR
- ✗ D. OR - NQ

**Q.75** सात बॉक्स G, H, I, J, K, L और T एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वें इसी क्रम में रखे गए हों। L और J के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। केवल T को I के ऊपर रखा गया है। J के नीचे कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। H को G के नीचे किसी स्थान पर लेकिन K के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। T और H के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

**Ans**
- ✓ A. तीन
- ✗ B. एक
- ✗ C. दो
- ✗ D. चार

**Q.76** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

KFP SNX AVF IDN ?

**Ans**
- ✗ A. IAK
- ✗ B. KDF
- ✗ C. LFP
- ✓ D. QLV

**Q.77** एक निश्चित कूट भाषा में, 'CHIN' को '9413' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'NICE' को '2319' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी भाषा में 'E' के लिए कूट क्या होगा?

**Ans**
- ✗ A. 3
- ✓ B. 2
- ✗ C. 9
- ✗ D. 1

**Q.78** उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों द्वारा अनुसरण किए गए पैटर्न के समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

UQL : QMH
CAT : YWP

**Ans**
- ✗ A. UTW : RQT
- ✗ B. NOP : OPQ
- ✗ C. LJH : NLJ
- ✓ D. ZBM : VXI

**Q.79** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

ZEK UZF PUA KPV ?

**Ans**
- ✓ A. FKQ
- ✗ B. DKR
- ✗ C. EGP
- ✗ D. PFY

Q.80 शब्द INJURED के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में बाईं ओर से तीसरे अक्षर और दाईं ओर से दूसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans
- ✗ A. 7
- ✗ B. 11
- ✗ C. 9
- ✓ D. 8

Q.81 किसी निश्चित कूट भाषा में,

A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A x B का अर्थ है कि 'A, B का पति है',
A - B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है' और
A + B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'M + N ÷ O – P x Q ÷ R' है, तो M का R से क्या संबंध है?

Ans
- ✓ A. पिता की माता के पिता
- ✗ B. माता का भाई
- ✗ C. पिता के पिता के पिता
- ✗ D. पिता के पिता का भाई

Q.82 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से CZAZ का संबंध VSTS से है। उसी प्रकार, EBCB का संबंध XUVU से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, GDED का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✗ A. ZWWW
- ✓ B. ZWXW
- ✗ C. ZVWW
- ✗ D. ZXWA

Q.83 A, B, D, J, O, T और Z एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Z के दाएँ से गिनती करने पर Z और T के बीच ठीक तीन व्यक्ति बैठे हैं। B, T के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। A, J के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है। D, T का निकटतम पड़ोसी नहीं है। A के बाएँ से गिनती करने पर B और A के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✓ B. दो
- ✗ C. चार
- ✗ D. एक

Q.84 यदि संख्या 4317856 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
- ✗ A. एक
- ✓ B. तीन
- ✗ C. दो
- ✗ D. एक भी नहीं

Q.85 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. XV-NH
- ✗ B. BZ-RL
- ✓ C. VT – LE
- ✗ D. OM – EY

Q.86 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?
NJI HDC BXW VRQ ?

Ans
- ✗ A. PKJ
- ✓ B. PLK
- ✗ C. PQS
- ✗ D. PMJ

Q.87 विमल अपनी कक्षा में ऊपर से 28वें और नीचे से 65वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
- ✗ A. 93
- ✗ B. 90
- ✗ C. 91
- ✓ D. 92

Q.88 शिशिर बिंदु Y से ड्राइव करना शुरू करता है और पूर्व दिशा में 75 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है, 35 km ड्राइव करता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 38 km ड्राइव करता है। इसके बाद वह फिर बाएँ मुड़ता है और 41 km ड्राइव करता है। वह दाएँ मुड़ता है और 37 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 26 km ड्राइव करके बिंदु Z पर रुक जाता है। बिंदु Y पर पुनः पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans
- ✗ A. 29 km; दक्षिण की ओर
- ✗ B. 35 km; उत्तर की ओर
- ✗ C. 33 km; पश्चिम की ओर
- ✓ D. 32 km; उत्तर की ओर

Q.89 आठ व्यक्ति, S, T, U, V, W, X, Y और Z, एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। T, W के बाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है। T, V के दाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है। U और V का निकटतम पड़ोसी X है। Z, S के बाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है। X के बाएँ से गिनने पर, X और W के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✓ A. दो
- ✗ B. एक
- ✗ C. तीन
- ✗ D. चार

Q.90 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के सेटों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
UOM : YRK
VSL : ZVJ

Ans
- ✓ A. INK : MQI
- ✗ B. GVS : KYR
- ✗ C. FEO : JHL
- ✗ D. KRX : OTV

Q.91 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

5 9 20 40 67 103 ?

Ans
- ✓ A. 146
- ✗ B. 184
- ✗ C. 164
- ✗ D. 148

| | | |
|---|---|---|
| Q.92 | निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।<br><br>(बाएं) 8 5 2 8 8 2 3 1 8 8 9 6 6 4 8 6 2 9 9 2 4 6 9 (दाएं)<br><br>ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक है तथा ठीक बाद भी एक विषम अंक है? | |
| Ans | ✔ A. एक भी नहीं<br>✗ B. तीन<br>✗ C. एक<br>✗ D. दो | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.93 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'uncle steak gum' को 'xl wc iv' के रूप में और 'sir gum barn' को 'wc mn ut' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'gum' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा? | |
| Ans | ✗ A. mn<br>✗ B. iv<br>✔ C. wc<br>✗ D. xl | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.94 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, यह तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते है?<br><br>कथन: सभी रिबन, बकरियाँ हैं। कुछ कौवे, रिबन हैं।<br>निष्कर्ष (I): कुछ कौवे, बकरियाँ हैं।<br>निष्कर्ष (II): सभी बकरियाँ, कौवे हैं। | |
| Ans | ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं<br>✔ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है<br>✗ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है<br>✗ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.95 | निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।<br>(बाएँ) T Y E V B I W F X A P D G H M K R Z O L M S (दाएँ)<br>शृंखला के दाएँ छोर से छठे अक्षर और बाएँ छोर से चौथे अक्षर के बीच, अंग्रेजी वर्णमाला शृंखला में कितने अक्षर हैं? | |
| Ans | ✔ A. तीन<br>✗ B. दो<br>✗ C. पाँच<br>✗ D. चार | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.96 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) | |
| Ans | ✗ A. QE – MA<br>✗ B. NV – JR<br>✔ C. BK – XF<br>✗ D. LX – HT | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.97 | यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित में से किसका परिणाम 4 होगा? | |
| Ans | ✔ A. 85 A 5 D 7 B 5 C 22<br>✗ B. 85 B 5 D 7 C 5 A 22<br>✗ C. 85 D 5 A 7 B 5 C 22<br>✗ D. 85 C 5 D 7 A 5 B 22 | |



Test Prime By Adda247
Previous Year Papers PDF
PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!
PDF
Free 25,000+ PDF's
High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly
ATTEMPT AS MOCK
Turn PDFs into real exam experience.
Analyze. Improve. Succeed.
Previous Year Papers PDF
Search
Banking
JAIIB & CAIIB
SSC
Railways
April 2026
11th Apr (Shift: 1)
HINDI
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques
60 Mins
11th Apr (Shift: 1)
ENGLISH
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques
60 Mins
11th Apr (Shift: 2)
HINDI
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques
60 Mins
11th Apr (Shift: 2)
ENGLISH
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques
60 Mins
February 2026
22nd Feb (Shift: 1)
ENGLISH
BOB Office Assistant MBT (...
Topic-wise & Exam-wise PDFs
Download & Study Offline
Attempt as Mock & Track Score
Smart Analysis & Performance
AVAILABLE IN
Banking
SSC
Railway
Teaching
UGC
Agriculture
Nursing
Bihar
UP
Punjab
WB
Odisha
TN
AP & Telangana
Haryana
DOWNLOAD THE APP

Q.98 यदि ‘A’ का अर्थ ‘+’ है, ‘B’ का अर्थ ‘–’ है, ‘C’ का अर्थ ‘×’ है और ‘D’ का अर्थ ‘÷’ है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

126 B 13 A 42 D 7 C 15 = ?

Ans
- ✗ A. 620
- ✓ B. 203
- ✗ C. 480
- ✗ D. 330

Q.99 छह बक्से H, I, J, K, L और E एक के ऊपर एक रखे हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे हों। E को J के ठीक ऊपर रखा जाता है। I को L के ठीक ऊपर रखा जाता है। H के ऊपर केवल K को रखा जाता है। E के ऊपर केवल दो बक्से रखे जाते हैं। I और K के बीच कितने बक्से रखे गए हैं?

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. चार
- ✗ C. दो
- ✓ D. तीन

Q.100 उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(17, 4, 204)
(19, 5, 285)

Ans
- ✗ A. (18, 6, 328)
- ✗ B. (21, 4, 256)
- ✗ C. (15, 7, 316)
- ✓ D. (16, 8, 384)

"